बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-424
05/09/2025

# पटना जिला के पालीगंज प्रखण्ड के सिकरिया ग्राम में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

पटना 05 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज पटना जिला के पालीगंज प्रखण्ड के सिकरिया ग्राम में कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुये।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति अनावरण के कार्यक्रम में आने तथा आपसे बातचीत करने का मौका मिला है। बहुत खुशी की बात है कि इस कार्यकर्ता संवाद में आप सब लोग उपस्थित हैं। मैं आपका अभिनंदन करता हूँ। आप सब जानते हैं कि पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। पहले राज्य का बहुत बुरा हाल था। उन्होंने कहा कि जब 24 नवंबर, 2005 को एन०डी०ए० की सरकार बनी थी, तबसे हम लोग बिहार के विकास में लगे हुये हैं, राज्य में कानून का राज है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य में बड़े पैमाने पर सड़कों, पुल–पुलियों का निर्माण कराया गया है। सात निश्चय के तहत हर घर तक बिजली, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय तथा टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम पूरा हो गया है। वर्ष 2020 में युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया। वर्तमान तक युवाओं को 10 लाख नौकरी एवं 39 लाख रोजगार दे दिया गया है। चुनाव से पहले ही 50 लाख से अधिक नौकरी एवं रोजगार दे दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अब तय किया है कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी/रोजगार दिया जायेगा। बिहार का बजट लगातार बढ रहा है। वर्ष 2005–06 में नयी सरकार बनने के समय राज्य का बजट पहले से ही मात्र 28 हजार करोड़ रुपये था जिसे वर्ष 2006–07 में बढ़ाकर 34 हजार करोड़ रुपये किया गया और यह लगातार बढ़ते–बढ़ते अब 3 लाख 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में कुछ नये निर्णय लिये गये हैं। सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को मिलने वाली पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 कर दिया है। इससे 1 करोड़ 12 लाख लोगों को फायदा हो रहा है। वर्ष 2018 में हर घर बिजली पहुँचा दी गयी। सरकार द्वारा शुरू से ही बहुत सस्ती दर पर बिजली दी जाती थी। अब लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली मुफ्त दी जा रही है। सरकार की तरफ से सभी इच्छुक लोगों के घरों पर सोलर लगाये जायेंगे। हाल ही में महिलाओं के रोजगार के लिए एक नयी योजना 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की स्वीकृति दी गयी है जिसमें हर घर की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार रूपये की राशि दी जायेगी। जिनका रोजगार अच्छा चलेगा उन्हें 2 लाख रूपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जायेगी। यह काम इसी सितम्बर माह से शुरू हो जायेगा। बिहार में नये उद्योग लगाने के लिए मुफ्त जमीन एवं विशेष सहायता दी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है जुलाई, 2024 के बजट में बिहार को विशेष आर्थिक सहायता के रूप में सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन, बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की गयी। फरवरी, 2025 के बजट में बिहार में मखाना बोर्ड, एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता आदि की घोषणा की गयी है। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2018 से देश के कुछ राज्यों में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया गया। इस वर्ष 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' का आयोजन बिहार में हुआ, जो गौरव की बात है। इन सब कामों के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना जिले में विकास के कई महत्वपूर्ण काम कराये गये हैं। पटना में राष्ट्रीय स्तर के आई0आई0टी0 एवं एन0आई0टी0 जैसे अनेक संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों की स्थापना की गयी है। पटना में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को विकसित किया गया है। कई अस्पतालों को सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल के रूप में विकसित किया गया है। पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल को 5 हजार 462 बेड की क्षमता वाले आधुनिक विश्वस्तरीय अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आई0जी0आई0एम0एस0) को 3 हजार तथा नालन्दा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एन0एम0सी0एच0) को 2500 बेड के अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पटना जिले में जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, 3 अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय एया 2 अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय उच्च विद्यालय का निर्माण कराया गया है। पटना में महत्वपूर्ण भवनों जैसे सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र, बिहार म्यूजियम, सरदार पटेल भवन, पटना कलेक्ट्रेट, अंजुमन इस्लामिया भवन एवं बापू टावर का निर्माण कराया है। पटना शहर एवं ग्रामीण इलाकों के अनेक सड़कों का निर्माण कराया गया है। साथ ही शहर में कई आर०ओ०बी०, गंगा पथ, एलिवेटेड रोड एवं फ्लाई ओवर का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि पालीगंज विधान सभा क्षेत्र में अनेक काम कराये गये हैं जिनमें पालीगंज में ए०एन०एम० स्कूल–सह–छात्रावास का निर्माण कराया गया है। दुल्हिन बाजार प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराया गया है। पालीगंज प्रखंड में आई०टी०आई० का निर्माण कराया गया है। पालीगंज–अकबरपुर एवं नौबतपुर–दुल्हिन बाजार पथ का चौड़ीकरण कराया गया है। इस विधानसभा में 216 ग्रामीण सड़कों एवं 2 पुलों का निर्माण कराया गया है। 1 ग्रिड उप–केन्द्र, 4 पावर सब स्टेशन एवं 7 कृषि फीडर का निर्माण कराया है। पटना मुख्य नहर का पक्कीकरण कराया गया है। दुल्हिन बाजार प्रखंड में 4 आहर–पईन का जीर्णोद्धार कराया गया है। पालीगंज प्रखंड में उलार सूर्य मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 के दिसम्बर एवं 2025 के जनवरी–फरवरी माह में मैंने प्रगति यात्रा के दौरान पटना जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर विकास कार्यों को देखा और जो कमी रही उसे पूरा करने के लिए 32 योजनाओं की स्वीकृति दे दी गयी है जिसमें पालीगंज क्षेत्र के लिए पालीगंज के उलार सूर्यमंदिर में पर्यटक सुविधाओं का विकास, पुनपुन नदी पर समदा गाँव एवं गुलरिया बिगहा के बीच पुल का निर्माण तथा पालीगंज में नये प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निर्माण शामिल है। आज इन सभी योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। हमने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया है। चाहे हिन्दू हो, मुस्लिम हो, अपर कास्ट हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो, महादलित हो–सभी के लिए काम किया गया है। मुस्लिम समुदाय के लिए भी हमने काफी काम किया है। मदरसों को सरकारी मान्यता दी गयी है एवं उनके शिक्षकों को सरकारी शिक्षकों के बराबर वेतन दिया जा रहा है। वर्ष 2006 से ही कब्रिस्तान की घेराबंदी शुरू की गयी है। बड़े पैमाने पर

कब्रिस्तानों की घेराबंदी की जा चुकी है। अब कोई झगड़ा झंझट नहीं होता है। वर्ष 2016 से 60 वर्ष से पुराने हिन्दू मंदिरों की घेराबंदी की जा रही है। बिहार का तेजी से विकास हो रहा है, आगे और ज्यादा काम होगा। मेरा सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे घर–घर जाकर बिहार के विकास के बारे में लोगों को बतायें। कुछ ही दिनों में चुनाव होंगे, इसलिए आप सभी पूरी तरह सक्रिय रहें।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, विधान पार्षद श्री रवींद्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक श्री जयवर्धन यादव, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य श्री नंदकिशोर कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

*******